# ग्राम पंचायत महाकाल, विकास खण्ड बैजनाथ जिला काँगड़ा, हि॰ प्र॰ –176125 के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

### भाग–एक

**1. प्रस्तावना**

**(क)**ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओ के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत, ग्राम पंचायत महाकाल, विकास खण्ड बैजनाथ, जिला काँगड़ा हि0 प्र0 के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा संचालित किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक व ग्राम रोजगार सेवक कार्यरत रहे :–**

**प्रधानः–**

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमती राधा देवी | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**सचिव :–**

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री अर्जुन बक्शी | 01.04.2022 से 22.05.2022 |
| 2 | श्री संतोष कुमार | 23.05.2022 से 31.03.2024 |

**तकनीकी सहायक :–**

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री राकेश धीमान | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**ग्राम रोजगार सहायक :–**

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री विनोद | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**(ख)गम्भीर अनियमितताओं का सारः–**

ग्राम पंचायत महाकाल के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से हैः–

| क्र0 सं0 | पैरा सं॰ | अनियमितता का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 4(ग) | रोकड़ बही व बैंक के अन्त शेषो में अन्तर पाया जाना | 5.84 |
| 2 | 6.1 | अनुदान राशि का उपयोग हेतु शेष पाया जाना | 23.34 |
| 3 | 6.2 | अनुदान राशि से अधिक व्यय करना | 0.11 |
| 4 | 7.1 | सम्पत्तिकर/गृहकर का वसूली हेतु शेष पाया जाना | 0.50 |
| 5 | 7.2 | स्वःस्त्रोत (सम्पतिकर/गृहकर) से प्राप्त आय को बैंक में जमा करवाये बिना व्यय के फलस्वरूप अस्थाई दुर्विनियोजन करना | 0.47 |
| 7 | 8.1 | विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में राशि का वसूली हेतु शेष पाया जाना | 0.04 |
| 8 | 8.2 | विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि को सरकारी कोष में जमा न करवाने के फलस्वरूप दुर्विनियोजन | 0.03 |
| 9 | 9.1 | औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही स्टॉक का क्रय करना | 1.74 |
| 10 | 9.2 | क्रय किये गये सामान की स्टॉक रजिस्टर में स्टॉक प्राप्ति व खपत दर्ज न करना | 8.51 |
| 11 | 9.3 | खनन सामग्री बिलो के साथ वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण अनियमित भुगतान करना | 4.21 |
| 12 | 10 | निर्माण कार्यो के सन्दर्भ में अभिलेख प्रस्तुत न करना | 6.79 |
| 13 | 11.1 | बिल वाउचर प्रस्तुत न करना | 0.60 |
| 14 | 11.2 | अग्रिम भुगतान का समायोजन हेतु शेष पाया जाना | 0.15 |
| 15 | 11.3 | मूल्यांकन से अधिक खपत दर्शाने के फलस्वरूप अधिक भुगतान करना | 0.02 |
| 16 | 17.4 | ऑनलाईन रोकड़ बही में दर्ज राशि की समायोजित प्रविष्टि करने व बैंक में पुष्टि न होना | 0.33 |
| 17 | 17.7 | निर्धारित सीमा से अधिक नकद हस्तगत राशि का रखना | 0.53 |

## (ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदनः–

गत अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनिर्णीत पैरों पर कार्यवाही करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा/अ.वृ.का./2025/63 दिनांक–27.01.2025 द्वारा केवल अवधि 01/04/2020 से 31/03/2022 के अनिर्णीत पैरों पर ही कार्यवाही करते हुए केवल 5 पैरों की अनुपालना का सत्यापन करवाया गया तथा शेष बचे 17 पैरों के निस्तारण हेतु किसी प्रकार का प्रयास नहीं किया गया है। यह अति गम्भीर चूक है, जोकि संस्था की अंकेक्षण के प्रति उदासीनता को परिलक्षित करती है। अतः प्राथमिकता के आधार पर गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के शेष 17 पैरों के साथ– साथ वर्तमान अंकेक्षण में प्रारूपित अंकेक्षण आपतियों पर भी अनुपालना सुनिश्चित करके अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए। गत अंकेक्षण प्रतिवेदन के शेष पैरो पर की गई कार्रवाई का अवलोकन करने के उपरान्त पैरो की नवीनतम स्थिति निम्नलिखित हैः–

### (1)अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 01/04/2013 से 31/03/2016 तक

| क्र0 सं0 | पैरा सं0 | निर्णीत/ अनिर्णीत | अनुपालना का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | 04 (2 से 4) | अनिर्णीत | – |
| 2. | 05 (2) | अनिर्णीत | – |
| 3. | 07 | अनिर्णीत | – |
| 4. | 08 | अनिर्णीत | – |
| 5. | 9 | अनिर्णीत | – |
| 6 | 10 | अनिर्णीत | – |
| 7 | 11 | अनिर्णीत | – |

### (2)अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 01/04/2020 से 31/03/2022 तक

| क्र0 सं0 | पैरा सं0 | निर्णीत/ अनिर्णीत | अनुपालना का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | 3 | निर्णीत | अंकेक्षण शुल्क प्राप्ति की माँग व प्राप्ति रजिस्टर पृष्ठ संख्या 19 से पुष्टि उपरान्त |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2. | 4 (क,ख) | अनिर्णीत | — |
| 3. | 4.2 | अनिर्णीत | — |
| 4. | 5.1 | अनिर्णीत | — |
| 5. | 5.2 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित कर दी गई है। |
| 6 | 6.1 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित कर दी गई है। |
| 7 | 6.2 | अनिर्णीत | — |
| 8 | 7 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित कर दी गई है। |
| 9 | 8.1 | अनिर्णीत | — |
| 10 | 8.2 | अनिर्णीत | — |
| 11 | 8.3 | अनिर्णीत | — |
| 12 | 9.1 से 9.4 | अनिर्णीत | — |
| 13 | 10.1 | अनिर्णीत | — |
| 14 | 10.2 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित कर दी गई है। |
| 15 | 10.3 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित कर दी गई है। |
| 16 | 11 | अनिर्णीत | — |

## भाग—दो

## 2. वर्तमान अंकेक्षणः—

ग्राम पंचायत महाकाल के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का वर्तमान अंकेक्षण श्री प्रवीन कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 15.03.2025 से 22.03.2025 तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में प्रस्तुत की गई स्कीम वाईज ऑनलाईन रोकड़ बहियों के आधार पर किया गया। आय—व्यय की विस्तृत जाँच हेतु मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्वः स्त्रोतों की आय तथा पंचायत के कुल व्यय के आधार पर किया गयाः—

| वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2022—23 | 09/2022 | 01/2023 |
| 2023—24 | 12/2023 | 06/2023 |

**अस्वीकरण (Disclaimer):—वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियन्त्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।**

**3. अंकेक्षण शुल्कः—**

ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण शुल्क ₹5600/— आंका गया है। अंकेक्षण शुल्क की इस राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट/मल्टीसिटी चैक के माध्यम से निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला—171009 को शीघ्रातिशीघ्र प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा/अ.वृ.का./2025/181 दिनांक—22.03.2025 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया। सचिव द्वारा अंकेक्षण शुल्क की राशि काँगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक महाकाल के मल्टीसिटी चैक संख्या 366514 दिनांक 28.03.2025 द्वारा निदेशक, हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग को भेज दी गई है।

**4.1 (क).वित्तीय स्थितिः—**

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः—राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ.वृ.का./2025/161 दिनांकः—15.03.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024 के लेखों की वित्तीय स्थिति का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट—1** में भी दिया गया हैः—

1.स्वः—स्त्रोतः—

| अवधि | अथशेष (₹) | प्राप्ति (₹) | योग (कॉलम 2+3) (₹) | व्यय (₹) | अन्तशेष (कॉलम 4—5) (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2022-23 | 1248407 | 147732 | 1396139.00 | 215720.00 | 1180419.00 |
| 2023-24 | 1180419.00 | 164385.88 | 1344804.88 | 113135.00 | 1231669.88 |

2.अनुदानः—

| अवधि | अथशेष (₹) | प्राप्ति (₹) | योग (कॉलम 2+3) (₹) | व्यय (₹) | अन्तशेष (कॉलम 4—5) (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2022-23 | 2882290.81 | 3936088.67 | 6818379.48 | 3271693.67 | 3546685.81 |
| 2023-24 | 3546685.81 | 1672932.64 | 5219618.45 | 2885146.64 | 2334471.81 |

**कुल योग (1+2)** 1231669.88+2334471.81 **=3566141.69**

(ख). **बैंक समाधान विवरणीः–**

दिनांक 31.03.2024 को ग्राम पंचायत की ऑनलाईन रोकड़ बहियों/वित्तीय स्थिति अनुसार अन्तशेष ₹35,66,141.69/- तथा प्रस्तुत बैंक खातों/हस्तगत राशि **"परिशिष्ट–3"** अनुसार अन्तशेष ₹29,81,786.23/–से सम्बन्धित बैंक समाधान विवरणी निम्नानुसार हैः–

| | **बैंक खातों की विवरणीः–** | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क्र0 सं0** | **विवरण** | **बैंक** | **खाता** | **अन्त शेष (₹)** |
| 1 | स्वयं स्रोत/ पांचवा वित्त/ एम .पी. लेड | के. सी .सी. बैंक महाकाल | 20153003031 | 1326716.43 |
| 2 | वी. के .वी .एन. वाई/ जेड.पी/ एस .डी.आर.एफ / एम .पी. लेड | एच.डी.एफ सी.बैंक बैजनाथ | 23491450000229 | 369637 |
| 3 | एस .डी.पी | एच.डी.एफ सी.बैंक बैजनाथ | 2349145000253 | 11388.54 |
| 4 | जेड.पी/पी.एस | एच.डी.एफ सी.बैंक बैजनाथ | 23491450000263 | 23832.26 |
| 5 | 14वां वितायोग | के. सी .सी. बैंक महाकाल | 50067574840 | 8355 |
| 6 | 15वां वित्तायोग/ जिला परिषद /पंचायत समिति | पी.एन.बैंक महाकाल | 2578000101126225 | 1189124 |
| 7 | हस्तगत शेष (स्वःस्त्रोत की ऑनलाईन रोकड़ बही के अनुसार) | | | 52733 |
| बैंक खातों व हस्तगत शेष का दिनांक 31.03.2024 का कुल योगः– | | | | ₹2981786.23 |
| **दिनांक 31.03.2024 को बैंक समाधान विवरणी :–** | | | | |
| रोकड़ बही के आधार पर तैयार वित्तीय स्थिति (पैरा 4) के अनुसार अन्तशेषः– | | | | ₹3566141.69 |
| पंचायत के बैंक खातों/नकद का दिनांक 31.03.2024 का अन्तशेषः– | | | | ₹2981786.23 |
| अन्तरः– | | | | 584355.46 |

**नोटः– अंतर का कारण पंचायत द्वारा बैंक समाधान विवरणी तैयार न करना।**

**(ग) रोकड़ बही एवं बैंक खातों के शेषों का नियमानुसार मिलान न करने के कारण अंकेक्षण में राशि ₹5.84 लाख का बहुत ज्यादा अन्तर पाया जाना :—**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत महाकाल द्वारा हि॰ प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 7(3) व 10(1) की अनुपालना में बैंक समाधान विवरणी तैयार नहीं की गई थी, जिस कारण वर्तमान अंकेक्षण अवधि के अन्त में दिनांक 31.03.2024 को ऑनलाईन रोकड़ बहियों तथा बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹584355.46 का अन्तर बैंक पासबुक में कम शेष के रूप में था। जिसका विस्तृत ब्यौरा पैरा—4 में दिया गया है।

इस वित्तीय अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/164 दिनांकः—18.03.2025 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः— महाकाल 18/2025 दिनांकः—22.03.2025 द्वारा दिया गया कि बैंक समाधान विवरणी तैयार करके अन्तर का मिलान कर दिया जायेगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा। गत अंकेक्षण प्रतिवेदन में दर्ज अंकेक्षणापत्ति के उपरान्त भी प्रस्तुत उतर नियमानुसार न होने एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतः अन्तर के कारणों बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए अन्यथा अंतर की राशि की उचित स्त्रोत से वसूली करना सुनिश्चित की जाये तथा भविष्य में नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करते हुये बैंक एवं रोकड़ बही का मिलान किया जाना सुनिश्चित किया जाये तथा कृत सुधारात्मक अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाए।

**(घ) स्कीम वाईज खाते न खोलने बारेः—**

निदेशक पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या पी.सी.एच—एच.ए (5) सी (15) —(13) (एल) 5—47005—81 दिनांक—15.02.2012 के अनुसार स्कीम वाईज खाते खोले जाने का प्रावधान है।

सचिव ग्राम पंचायत महाकाल द्वारा प्रस्तुत **परिशिष्ट "3"** व बैंक खातों के अंकेक्षण में पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा बैंक खाते स्कीम वाईज नहीं खोले गये थे,बल्कि स्वःस्त्रोत, व पांचवा वित,एम.पी.लेड तथा वी.के.वी.एन.वाई,जेड.पी,एस.डी.आर.एफ,व एम.पी.लेड आदि शीर्षों के अन्तर्गत नियमों एवं निर्देशों के विरूद्ध संयुक्त खाता संख्या 20153003031 तथा 23491450000229 खोले गये थे, जो पंचायत की सच्ची व सही वित्तीय स्थिति नहीं दर्शाते एवं नियमों/निर्देशों के विपरीत होने के कारण आपतिजनक है। इस अनियमितता के कारण किसी व्यय के दो बार भुगतान होने तथा धन के दुर्विनियोजन की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या:– राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/180 दिनांक:–22.03.2025 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या–महाकाल 18/2025 दिनांक:–22.03.2025 द्वारा अवगत करवाया कि स्कीम वाईज खातों का अनुसंधारण दिया कर दिया जायेगा।

अतः नियमानुसार स्कीम वाईज खातों का संचालन न करने का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार व समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशो अनुसार ही बैंक खातों का रख–रखाव किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

## (ङ.) लेखा खाता/खाताबही तैयार न करना:–

हि॰ प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 29(1 से 3) के अनुसार प्रत्येक पंचायत को प्रारूप–7 में लेखा खाता/खाता बही तैयार करने का प्रावधान है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि 2022–23 व 2023–24 की खाताबही/लेखा खाते तैयार नहीं किए गए थे। उक्त अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार न करने के कारण वर्तमान अंकेक्षण के दौरान चयनित मास के व्यय वाउचरों से इस तथ्य की पुष्टि सम्भव न हो सकी कि निम्न तालिका में दर्शाए गए कार्यो हेतु कितनी–कितनी राशि प्राप्त हुई व कितना व्यय हुआ है तथा निम्न कार्यो को पूरा किया जा चुका है अथवा नहीं:–

| क्र0 सं0 | अनुदान | वाउचर सं0/दिनांक | बिल सं0,मस्ट्रोल सं0/दिनांक | कार्य का नाम | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जेड.पी/ 15वां वित | पी/24,28,44 /120/17, 31.01.2023 | 322483,3251/ निल, 22.12.2022 मस्ट्रोल–9197 | निर्माण चेक डैम महालण खडड और कुल्ह वार्ड–3 | 138058 |
| 2 | 15वां वित | पी/26,29,42 / 123/107/17,18.01.2023 | 322483,3293,94 / निल, 27.12.2022,निल | निर्माण वाटर टैंक नजदीक बावडी मेहला वार्ड 1 | 58572 |
| 3 | 15वां वित | पी/30/ 124/17.01.2023 | 3272/23.12.2022 | निर्माण रास्ता व ड्रेन कुट बोडू से मेन रास्ते तक | 44892 |
| 4 | 15वां वित | पी/14–17,2 | 227080,167,166,0 | निर्माण सामुदायिक | 211580 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 0,21,27 / 18, 29.06.2023 | 679,0691,0677 / 13.05.2023 निल,18.01. 2024,14,15.06. 2023 मस्ट्रोल 12274 | शौचालय नजदीक महाकाल मन्दिर नजदीक शमशानघाट वार्ड 3 | |
| 5 | 15वां वित | पी / 18–19, 26 / 18,29. 06.2023 | 227142,149 / 02. 08.2023,निल मस्ट्रोल 9187 | निर्माण सडक नरेश के घर से सुरेश अवस्थी के घर की ओर वार्ड 4 | 60890 |
| 6 | 15वां वित | पी / 22 / 18. 06.2023 | मस्ट्रोल 9193 | निर्माण रास्ता व डेन कुट बोडू मेन से रास्ते की ओर | 51380 |

इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा स्वः स्त्रोत व विभिन्न अनुदानों से प्राप्त की गई आय व किये गये व्यय का भी लेखा खाता / खाता बही के अभाव में वास्तविक प्राप्तियों व व्यय की अंकेक्षण में सत्यता की पुष्टि नहीं की जा सकी, जोकि अनियमित तथा आपतिजनक है।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्याः– राज्य लेखा परीक्षा विभाग / अ0वृ0कां / 2025 / 180 दिनांकः–22.03.2025 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–महांकाल 18 / 2025 दिनांकः–22.03.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि उक्त अवधि की खाता बहियों / लेखा खातों को तैयार करने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुसार न होने एवं तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः उक्त अवधि की खाताबही / लेखा खाते तैयार न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाये तथा अंकेक्षण अवधि की खाताबही / लेखा खाते तैयार करते हुए भविष्य में भी खाताबही / लेखा खाते तैयार किये जाने सुनिश्चित किये जायें व कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 5 निवेश न करने बारेः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 11 के अनुसार प्रत्येक पंचायत द्वारा उपलब्ध अतिरिक्त निधियों को पंचायत द्वारा पारित प्रस्ताव उपरान्त राष्ट्रीकृत बैंक, सहकारी बैंक अथवा सरकारी प्रतिभूतियों में इस प्रकार से निवेशित किया जाना अपेक्षित है कि इन पर अधिकतम ब्याज अर्जित किया जा सके।

ग्राम पंचायत द्वारा इस नियम की अनुपालना में गत अंकेक्षण अवधि व वर्तमान अंकेक्षण अवधि के दौरान कोई निवेश नहीं किया गया था, जबकि वर्तमान वित्तीय स्थिति के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि पंचायत के मुख्य निधि खाते में अंकेक्षणावधि के दौरान ₹13,26,232 से ₹13,26,716.43 तक की राशि शेष थी। इस चूक के कारण संसाधनों की कमी से जूझ रही पंचायत को अतिरिक्त ब्याज के रूप में होने वाले लाभ से वंचित होना पड़ा है।

इस बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना सख्यां राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/180 दिनांकः 22.03.2025 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या– महाकाल 18/2025 दिनांक 22.03.2025 द्वारा भविष्य में अनुपालना का आश्वासन दिया है।

अतः इस बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए तथा निवेश की स्थिति में हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 12 (1) के अंतर्गत उल्लेखित प्रारूप–1 के अनुसार निवेश रजिस्टर का संधारण किया जाना भी सुनिश्चित किया जाये।

## 6.1 अनुदान की राशि ₹23.34/– लाख का उपयोग हेतु शेष पाया जानाः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त बजट,लेखे,सकर्म,कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 9 के अनुसार प्राप्त अनुदान राशियों को फंडिग एजेन्सी की अपेक्षाओं एवं मार्गदर्शन अनुसार निर्धारित उद्देश्य हेतु व्यय किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्याः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/161 दिनांकः–15.03.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत सूचना जो कि **परिशिष्ट–1 व परिशिष्ट–2** पर संलग्न है, के अनुसार दिनांक 31–03–2024 तक अनुदान में प्राप्त राशियों में से ₹23,34,471.81/– की राशि उपयोग हेतु शेष थीः–

| क्र0सं0 | अनुदान का नाम | दिनांक | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | 5वाँ वित्त/एम.पी.लेड | 31.03.2024 | 618635.81 |
| 2 | वी.के.वी.एन.वाई/जेड.पी/एस.डी.आर.एफ | 31.03.2024 | 510286.00 |
| 3 | एस.डी.पी | 31.03.2024 | 5588 |
| 4 | 14वाँ वित्त | 31.03.2024 | -11445 |
| 5 | 15वाँवित्त/पी.एस/जेड.पी | 31.03.2024 | 1189124 |
| 6 | जेड.पी/पी.एस | 31.03.2024 | 22283 |
| | | **कुल जोड** | **2334471.81** |

उपरोक्त तथ्य स्पष्ट करते हैं कि उक्त शीर्षों के अन्तर्गत करवाये जा रहे विकास कार्यों का निष्पादन अपेक्षित स्थिति में नहीं है तथा निर्धारित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में यह पंचायत पीछे है।

इस शेष राशि के उपयोग/व्यय न करने बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/165 दिनांक–18.03.2025 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– महांकाल 18/2025 दिनांकः–22.03.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि अनुपयोग अनुदान राशि को आगामी समय में नियमानुसार व्यय करने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा।

अतः शेष अनुदान राशि को अंकेक्षण अवधि के दौरान व्यय न करने के उचित कारणों को स्पष्ट करते हुए उक्त राशि को नियमानुसार निर्धारित उद्देश्यों हेतु व्यय करना सुनिश्चित किया जाए तथा तदानुसार कृत अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र अवगत करवाया जाये।

**6.2 14वां वित अनुदान के अन्तर्गत प्राप्त अनुदान से राशि ₹0.11/– लाख का अधिक व्यय करनाः–**

निदेशक, पंचायती राज विभाग, हि0प्र0, शिमला–9 के पत्र पृष्ठांकन संख्या 26746–26836 दिनांक 16.07.2010 के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों द्वारा धन राशि के प्रयोग करने हेतु मार्गदर्शनानुसार "अनुदान राशि से अधिक व्यय किसी भी अवस्था में न किया जाए।" अंकेक्षण में पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तुत **परिशिष्ट 2** के अनुसार, दिनांक 31.03.2024 तक निम्न तालिका में दर्शाए शीर्ष 14वें वित्त के अंतर्गत प्राप्त अनुदान की अपेक्षा **₹11445/-** का अधिक व्यय किया गया दर्शाया गया था, जोकि एक वितीय अनियमितता हैः–

| क्र0सं0 | अनुदान | अधिक व्यय (₹) |
|---|---|---|
| 1. | 14वां वित | 11445 |

अतः स्पष्ट दिशा–निर्देशों के उपरान्त भी उपरोक्त अनुदान के अन्तर्गत किये गये अधिक व्यय बारे सम्पूर्ण अभिलेखों सहित औचित्य स्पष्ट किया जाये एवं वस्तुस्थिति अनुसार कृत अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र अवगत करवाया जाये।

## पंचायत राजस्व से प्राप्त आयः—

### 7.1 सम्पति कर/गृहकर की ₹0.50/- लाख की राशि का वसूली हेतु शेष पाया जानाः—

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 34 (2) के अनुसार पंचायत को देय कोई भी राशि बिना पर्याप्त कारणों के परादेय/अदत(Outstanding)नहीं रखी जाएगी।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/161 दिनांकः—15.03.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "4"** पर संलग्न सूचना के अनुसार सम्पत्तिकर/गृहकर के रूप में **₹50150**/— की राशि दिनांक 31.03.2024 को वसूली हेतु शेष थी। सम्पत्तिकर/गृहकर की राशि का बिना पर्याप्त कारणों के शेष पाया जाना यह स्पष्ट करता है कि पंचायत अपने राजस्व की नियमित उगाही के प्रति गंभीर नहीं है। परिणामस्वरूप सम्पत्ति कर/गृहकर की वसूली न करने से उस पर अर्जित ब्याज से होने वाले लाभ से भी पंचायत को वंचित होना पड़ा। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत के सम्पत्ति कर/गृहकर का मांग व एकत्रीकरण रजिस्टर को भी तैयार नहीं किया गया ,जिसके अभाव में **परिशिष्ट "4"** पर दर्शाए गए दिनांक 31.03.2024 को सम्पत्ति कर/गृहकर के रूप में वसूली हेतु शेष राशि व अंकेक्षण अवधि के दौरान सृजित की गई मांग की सत्यता की पुष्टि अंकेक्षण में नहीं की जा सकी।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/166 दिनांकः—18.03.2025 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः—महाकाल 18/2025 दिनांकः—22.03.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि सम्पति कर/गृहकर की बकाया राशि की वसूली करने उपरान्त सभा निधि में जमा करवा दिया जाएगा तथा सम्पति कर मांग व संग्रह रजिस्टर को तैयार करने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुसार व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः पंचायत राजस्व की बकाया राशि की वसूली न करने के कारणों की नियमानुसार तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए बकाया राशि की अविलम्ब वसूली करना सुनिश्चित करके , भविष्य में भी इसकी वसूली प्राथमिकता के आधार पर प्रतिवर्ष की जानी सुनिश्चित की जाए तथा सम्पति कर/गृहकर मांग व संग्रह रजिस्टर को भी तैयार करके व कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 7.2 स्वःस्त्रोत सम्पत्ति कर/गृहकर से प्राप्त आय राशि ₹0.47/- लाख को बैंक में जमा करवाये बिना व्यय के फलस्वरूप अस्थाई दुर्विनियोजन बारेः—

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 4(2) के अनुसार पंचायत द्वारा आय में प्राप्त धन राशियों को सम्बन्धित बैंक में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

आय चयनित मास 12/2023 की स्वःस्त्रोत (सम्पतिकर/गृहकर) की रसीद बुकों के अंकेक्षण पर पाया गया कि निम्न तालिका के अनुसार ₹47200/- ग्राम पंचायत द्वारा बैंक में जमा नहीं करवाये गये थे फलस्वरूप पंचायत के स्वः स्त्रोत की आय के अस्थायी दुर्विनियोजन की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता व यह एक वित्तीय अनियमितता हैः—

| क्र0सं0 | रसीद संख्या | रोकड बही पृष्ठ संख्या/दिनांक | प्राप्त आय (₹) | बैंक में जमा (₹) | कम जमा (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 182201 से 182300 | 48/06.12.2023 | 20000 | 36400 (दिनांक 19.12. 2023 को) | 47200 |
| 2 | 182301 से 182400 | 48/15.12.2023 | 12800 | | |
| 3. | 182601 से 182643 | 49/16.12.2023 | 8000 | | |
| 4. | 182701 से 182728 | 49/16.12.2023 | 5600 | | |
| 5. | 182731 से 182742 | 49/16.12.2023 | 2400 | | |
| 6. | 182801 से 182900 | 50/17.12.2023 | 20000 | | |
| 7 | 182927 से 183000 | 50/18.12.2023 | 14800 | | |
| कुल | | | **83600** | **36400** | **47200** |

इस वित्तीय अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्याः— राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/167 दिनांकः—18.03.2025 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युतर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या— महाकाल 18/2025 दिनांकः—22.03.2025 द्वारा सूचित किया गया कि स्वःस्त्रोत सम्पतिकर/गृहकर से प्राप्त उक्त राशि बैंक में जमा नहीं करवाई गई, जो गणना में गलती लगने से हुआ। इस राशि को बैंक में जमा करवा दिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर उपरोक्त नियमानुसार व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतः स्वःस्त्रोत सम्पतिकर/गृहकर के रूप में प्राप्त राशि को बैंक में जमा न करवाने का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट करते हुए अथवा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार तथा हिमाचल सरकार पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HA(5)C(15)313/89-50234-322 दिनांक 26.03.2010 द्वारा अग्रिम, नकद व अवैध राशियों की वसूली बारे जारी दिशा—निर्देशों अनुसार उक्त राशि की वसूली निर्धारित ब्याज दर सहित करना सुनिश्चित की जाए तथा यह मामला पंचायती राज विभाग के उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ इस आश्य से लाया जाता है कि इस अनियमितता की गहनता से जांच पड़ताल करने पश्चात वस्तुस्थिति अनुसार अनुपालना से अंकेक्षण विभाग को

अवगत करवाया जाये। इसके अतिरिक्त यह भी सुझाव दिया जाता है कि भविष्य में इस तरह की गलती की पुनरावृति न हो यह भी सुनिश्चित किया जाए।

## 8.1 विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में राशि ₹0.04/- लाख का वसूली हेतु शेष पाया जाना :—

सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्या—SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांक 04.10.2016 के अनुसार विवाह के पंजीकरण हेतु ₹200 (सामान्य श्रेणी) व आई.आर.डी.पी / बी.पी.एल. श्रेणी के लिये ₹25 पंजीकरण शुल्क व 30 दिनों के बाद 90 दिनो के भीतर ₹400(सामान्य श्रेणी) से व ₹50 आई.आर.डी.पी / बी.पी.एल श्रेणी से प्रति विवाह पंजीकरण शुल्क प्राप्त करके सरकारी कोष में जमा करवाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः—राज्य लेखा परीक्षा विभाग / अ0वृ0कां0 / 2025 / 161 दिनांकः—15.03.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "5"** पर संलग्न सूचना व नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा 32 विवाह पंजीकृत किये गये थे,जिस हेतु ₹200 / 400 की दर से कम राशि वसूली गई थी, जवकि उक्त वर्णित दरों के अनुसार ₹3800 प्राप्त किये जाने अपेक्षित थे ।

उक्त न वसूली गई राशि का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग / अ0वृ0कां / 2025 / 168 दिनांकः—18.03.2025 के अंतर्गत सचिव ग्राम पंचायत महाकाल के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः— महाकाल 18 / 2025 दिनांकः—22.03.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि बकाया विवाह पंजीकरण शुल्क की राशि को प्राप्त करने उपरान्त सरकारी कोष में जमा करवा दिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुसार व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः उक्त राशि की वसूली न करने के कारणों की नियमानुसार तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए इसकी अविलम्ब वसूली करना सुनिश्चित करके सरकारी कोष में जमा करवाना सुनिश्चित किया जाए व कृत सुधारात्मक अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 8.2 विवाह पंजीकरण के रूप में प्राप्त की गई राशि ₹0.03 /— लाख को सरकारी कोष / बैंक में जमा न करवाकर दुर्विनियोजन करने बारेः—

सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्या—SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांकः—04.10.2016 के प्रावधानानुसार विवाह पंजीकरण शुल्क निर्धारित दर से प्राप्त करने के उपरान्त विवाह पंजीकरण नियम 2004 के नियम 9 के अनुसार राजकीय कोष में निर्धारित प्राप्ति मुख्य शीर्ष खाता संख्या "0070—60—108—01" में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः– राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/161 दिनांकः–15.03.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "5"** पर संलग्न सूचना अनुसार ग्राम पंचायत महाकाल द्वारा वर्ष 2022–23 व 2023–24 के दौरान राशि ₹3300/– विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई थी, परन्तु उसे न तो सरकारी कोष में और न ही पंचायत के निधि खाते में जमा करवाया गया था, जिससे सरकारी कोष को प्राप्त आय के दुर्विनियोजन की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता ।

विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त उक्त राशि को सरकारी कोष/बैंक में जमा न करवाने का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/168 दिनांकः–18.03.2025 के अंतर्गत सचिव ग्राम पंचायत महाकाल के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रतिउत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या– महाकाल 18/2025 दिनांकः–22.03.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई राशि को सरकारी कोष/बैंक में जमा नहीं करवाया गया, इस राशि को सरकारी कोष में जमा करवा दिया जाएगा।

अतः विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई राशि को नियमानुसार सरकारी कोष में जमा न करवाने का पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अथवा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि को शीघ्र अति शीघ्र सरकारी कोष जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा यह भी सुझाव दिया जाता है कि भविष्य में भी विवाह पंजीकरण शुल्क प्राप्ति उपरांत सरकारी कोष में ही जमा करवाया जाये व कृत अपेक्षित अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 9.1 निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही ₹1.74/– लाख के स्टॉक का क्रय करना:–

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 67(4) व 67(5) के अन्तर्गत पंचायत द्वारा किये जाने वाले व्यय से सम्बन्धित आपूर्ति आदेश ,निविदा आदि औपचारिकताएं प्रावधित हैं।

ग्राम पंचायत महाकाल के व्यय वाउचरों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा संलग्न **परिशिष्ट "6"** के अनुसार ₹173768.74/– का व्यय निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही किया गया था, जिससे स्पष्ट है कि पंचायत द्वारा उक्त व्यय करते समय बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ नहीं उठाया गया था, जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित व आपत्तिजनक है।

पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/169 दिनांकः–19.03.2025 द्वारा उपरोक्त दोहराई गई अनियमितत्ता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के

कार्यालय पत्र संख्याः— महाकाल 18/2025 दिनांकः—22.03.2025 द्वारा सूचित किया गया कि भविष्य में औपचारिकताओं को पूर्ण करने उपरांत ही सामान क्रय किया जायेगा। प्रस्तुत प्रत्युतर गत अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 01.04.20 से 31.03.2022 के पैरा 9.1 में दर्ज अंकेक्षणापत्ति के पश्चात भी नियमानुकूल न होने व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतः दोहराई गई इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण वस्तुतस्थिति स्पष्ट करते हुए इसे सक्षम प्राधिकारी की कार्योतर स्वीकृति से नियमित करवाया जाये तथा भविष्य में बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ उठाते हुये नियमानुसार ही स्टॉक/स्टोर का क्रय किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 9.2 क्रय किये गये सामान राशि ₹8.51/— लाख का स्टॉक रजिस्टर में स्टॉक प्राप्ति व खपत से सम्बन्धित लेखांकन न होनाः—

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 72(1) (ए.बी.सी.डी.) के अनुसार पंचायत द्वारा क्रय किये गए भंडार का उसकी स्थायी व अस्थायी प्रकृति के अनुरूप प्रारूप 25,26,27 व 28 में लेखांकन किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत महाकाल के अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024 तक के दौरान की गई खरीद के वाउचरों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा संलग्न **परिशिष्ट—"6"** पर संकलित राशि ₹851286/— के स्टॉक को क्रय उपरान्त स्टाक रजिस्टरो में दर्ज नहीं किया गया था, जिससे कृत व्यय का पूर्ण अंकेक्षण सम्भव न हो सका। फलस्वरूप क्रय सामग्री के दुर्विनियोजन/दुरूपयोग की सम्भावना से अंकेक्षण में इनकार नहीं किया जा सकता।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/170 दिनांकः—20.03.2025 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः—महाकाल 18/2025 दिनांकः—22.03.2025 द्वारा अवगत करवाया गया कि सामग्री का स्टॉक रजिस्टर में इन्द्राज कर लिया जायेगा व लेखा परीक्षा को अवगत करवा दिया जाएगा। गत अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 04/20 से 03/22 के पैरा 9.3 में दर्ज अंकेक्षणापत्ति उपरान्त भी प्रस्तुत उतर तथ्यरहित एवं नियम प्रावधानों के प्रतिकूल होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः क्रय किये गये प्रत्येक सामान का मदवार पारदर्शी इन्द्राज किया जाना सुनिश्चित किया जाए व भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता की पुनरावृति को रोका जाये तथा कृत सुधारात्मक कार्यवाही से अंकेक्षण को शीघ्रातिशीघ्र अवगत करवाया जाये।

## 9.3 खनन सामग्री बिलों के साथ वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण राशि ₹4.21/— लाख का अनियमित भुगतान करने बारेः—

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल नियम 2015 के नियम 81 व 81—ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी व

माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास फॉर्म डब्ल्यू या सप्लीमेंटरी पास फॉर्म X उपलब्ध करवाना अनिवार्य है। अन्यथा उक्त नियम की द्वितीय अनुसूची के अनुसार निर्धारित दरों से रॉयल्टी का भुगतान 25 प्रतिशत पेनल्टी के साथ करना होगा, परन्तु निदेशक ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग शिमला के पत्र संख्या XEN-(RD&PR)-DB-General/2023-1/204192/2023-34307-30 दिनांक 02.11.2023 के अंतर्गत पुनः दिये गये निर्देशानुसार संविदाकारों/आपूर्तिकर्ताओं से माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के दृष्टिगत अब रॉयल्टी नहीं काटी जा सकती तथा इन्हें भुगतान केवल वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" जमा/उपलब्ध करवाने उपरान्त ही किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण अवधि के चयनित मासों के व्यय वाउचरो के अंकेक्षण व सचिव द्वारा प्रस्तुत **परिशिष्ट "7"** पर संलग्न सूचना के अनुसार निर्माण कार्यो के निष्पादन हेतु आपूर्तिकर्ताओं से खनन सामग्री जैसे रेत, बजरी, पत्थर इत्यादि की वैध स्त्रोत से आपूर्ति के समर्थन में उक्त ट्रांजिट पास फॉर्म अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किए गए। परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ता को ₹420870.84/– का अनियमित भुगतान किया गया तथा पूर्वोक्त नियम, प्रावधानों एवं समय –समय पर जारी आदेशों व निर्देशों की स्पष्ट अवहेलना के दृष्टिगत अंकेक्षण अवधि में किये गए समस्त भुगतान अनियमित प्रतीत होते हैं।

दोहराई गई इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/171 दिनांकः–20.03.2025 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–महाकाल 18/2025 दिनांकः–22.03.2025 द्वारा सूचित किया गया कि उक्त व्यय वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" प्राप्त किये बिना ही किया गया है व अनभिज्ञता में किया गया है। वर्तमान समय से उक्त फॉर्म को प्राप्त करने उपरान्त ही भुगतान किया जा रहा है, प्रस्तुत उत्तर दोहराई गई अंकेक्षणापति के अनुकूल न होने के कारण संतोषजनक नहीं है। क्योंकि उपरोक्त पत्र में वर्णित निर्देशानुसार समस्त भुगतान वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" प्राप्ति उपरान्त किये जाने थे।

अतः अंकेक्षण अवधि के दौरान खनन निर्माण सामग्री के आपूर्तिकर्ताओं को नियमों के विरूद्ध एवं समय–2 पर जारी निर्देशों के विरूद्ध किये गये समस्त अनियमित भुगतानों को (उनके पूर्ण विवरण सहित) या तो समर्थित अपेक्षित अभिलेख सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये अथवा ऐसे सभी प्रकरणों को सम्बन्धित जिला खनन अधिकारी के समक्ष उठाते हुए तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 10 विभिन्न निर्माण कार्यो के सन्दर्भ में राशि ₹6.79/– लाख के अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करने बारे:–

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 79(2) के अनुसार पंचायत सचिव द्वारा अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण अवधि के चयनित मास 01/2023 व 06/2023 के व्यय वाउचरों के अंकेक्षण पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा निम्न तालिका के अनुसार राशि ₹678563/–का भुगतान किया गया था, परन्तु निम्न निर्माण कार्यो के सन्दर्भ में अंकेक्षण हेतु वांछित अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किये गए, जिसके अभाव मे किये गये व्यय का पूर्ण अंकेक्षण संभव न हो सका:–

| क्र0सं0 व अनुदान | वाउचर सं/ दिनांक | बिल संख्या/ दिनांक | कार्य का नाम | भुगतान राशि (₹) | वांछित अभिलेख |
|---|---|---|---|---|---|
| 1.जेड. पी/15वां वित | पी/24,28 ,44/120 /17, 31. 01.2023 | 322483,3251/ निल,22.12.2022 मस्टोल–9197 | निर्माण चेक डैम महालण खडड और कुल्ह वार्ड–3 | 138058 | प्रस्ताव, माप–पुस्तिका, 34–सी |
| 2.15वां वित | पी/26,29 ,42/ 123/107 /17,18. 01.2023 | 322483,3293,94/ निल,27.12. 2022,निल | निर्माण वाटर टैंक नजदीक बावडी मेहला वार्ड 1 | 58572 | प्रस्ताव, प्राक्कलन,माप–पुस्तिका, 34–सी |
| 3.15वां वित | पी/30/ 124/17. 01.2023 | 3272/23.12.2022 | निर्माण रास्ता व डेन कुट बोडू से मेन रास्ते तक | 44892 | माप–पुस्तिका, 34–सी |
| 4.मनरेगा | निल/28. 06.2023 | 3778/07.02.2023 | निर्माण कुल्ह रणधीर जमीन से शुसील जमीन की ओर वार्ड 1 | 26251 | प्रस्ताव, माप–पुस्तिका, 34–सी |
| 5.मनरेगा | निल/21. 06.2023 | 1797/28.08.2023 | निर्माण पोलटरी शेल्टर प्रकाश चन्द स्पुत्र टीरू | 7526 | माप–पुस्तिका |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | राम वार्ड –4 | | |
| 6.मनरेगा | निल/28.06.2023 | 3775,3785/06,07.02.2023 | निर्माण सडक राम शरण के घर से कनु राम के घर की ओर वार्ड 2 | 64052 | प्रस्ताव, माप–पुस्तिका, 34–सी |
| 7.मनरेगा | निल/28.06.2023 | 099/09903/16.03.2023 | निर्माण वाटर टैंक सीमा चौधरी की जमीन वार्ड. 4 | 15362 | माप–पुस्तिका |
| 8.15वां वित | पी/14–17,20,21,27/18,29.06.2023 | 227080,167,166,0679,0691,0677/13.05.2023 निल,18.01.2024,14,15.06.2023 मस्टोल 12274 | निर्माण सामुदायिक शौचालय नजदीक महांकाल मन्दिर शमशानघाट वार्ड 3 | 211580 | प्रस्ताव,प्राक्कलन, माप–पुस्तिका, 34–सी |
| 9.15वां वित | पी/18–19, 26/18,29.06.2023 | 227142,149/02.08.2023,निल मस्टोल 9187 | निर्माण सडक नरेश के घर से सुरेश अवस्थी के घर की ओर वार्ड 4 | 60890 | प्रस्ताव, माप–पुस्तिका, 34–सी |
| 10.15वां वित | पी/22/18.06.2023 | मस्टोल 9193 | निर्माण रास्ता व डेन कुट बोडू से मेन रास्ते की ओर | 51380 | माप–पुस्तिका, 34–सी |
| | | | **कुल योग** | **678563** | |

वांछित अभिलेखों को अंकेक्षण में प्रस्तुत करने बारे सचिव ग्राम पंचायत महाकाल से अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक:राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/172 दिनांक:–20.03.2025 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या:–महाकाल 18/2025 दिनांक 22.03.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि उक्त विभिन्न अभिलेखों को आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुसार व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतः सचिव द्वारा उपरोक्त अभिलेखों को अंकेक्षण में प्रस्तुत न करना एक गम्भीर अनियमितता है, जिसका औचित्य उक्त वर्णित नियमानुसार तथ्यो सहित स्पष्ट किया जाये व

नियमानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही सहित अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षाणार्थ प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 11.1 राशि ₹0.60/– लाख के बिल/वाउचर प्रस्तुत न करने बारेः–

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 79(2) के अनुसार पंचायत सचिव द्वारा अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत किये जाने अपेक्षित है।

अंकेक्षण अवधि के चयनित मास 01/2023 व 06/2023 के व्यय वाउचरों के अंकेक्षण पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा निम्न तालिका के अनुसार राशि **₹60245/–**का भुगतान किया दर्शाया गया था, जिसके बिल/वाउचरों को अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया, यह एक गम्भीर वित्तीय अनियमितता हैः–

| क्र0सं0 | अनुदान/ मद | वाउचर सं/ दिनांक/बिल सं0 | कार्य का नाम/ विवरण | रोकड़ बही पृष्ठ संख्यां | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सभा निधि | पी/20/09.06.2023 | Internet bill | निल | 1021 |
| 2. | 5वां वित | पी/08/09.06.2023 | Panchyat Chokidar Salary | 59 | 6200 |
| 3. | 14वां वित | पी/02/01.06.2023 | LED Department Fee | 3 | 4000 |
| 4. | 15वां वित | पी/23/18.06.2023 | Installation of solar light near Aman Palace Ward 3 | 80 | 15608 |
| 5. | 15वां वित | पी/24/18.06.2023 | Installation of solar light near Punjab Singh House Ward 3 | 81 | 15608 |
| 6. | 15वां वित | पी/25/18.06.2023 | Installation of solar light near Sushil Bakshi House Ward 3 | 81 | 15608 |
| 7. | सभा निधि | पी/35/02.01.2023 | LCD Hdmi cable | 20 | 2200 |
| | | | | **कुल** | **60245** |

उक्त बिल/वाउचरों को अंकेक्षण में प्रस्तुत करने बारे पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक:राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/178 दिनांक:—21.03.2025 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या:— महाकाल 18/2025 दिनांक:—22.03.2025 द्वारा सूचित किया गया कि इन्हें आगामी अंकेक्षण मे प्रस्तुत कर दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः उक्त बिल/वाउचर दिखाए जाने सुनिश्चित किये जाए अन्यथा भुगतान की गई राशि की वसूली उचित स्त्रोत से करके सम्बन्धित शीर्ष के खाते में जमा की जानी सुनिश्चित की जाए व कृत सुधारात्मक कार्यवाही से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाये।

### 11.2 अग्रिम भुगतान राशि ₹0.15/— लाख का समायोजन हेतु शेष पाया जाना:—

हि॰प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 30 के अनुसार पंचायत द्वारा फॉर्म—9 में अस्थाई अग्रिमों का रजिस्टर तैयार करने उपरान्त किये गए अग्रिमों का वितीय वर्ष के अन्त तक समायोजन किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत द्वारा हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति कॉरपोरेशन को सीमेंट के क्रय हेतु निम्न विवरणानुसार राशि ₹15362/— का अग्रिम प्रदान किया गया, लेकिन 31.03.2024 तक उक्त राशि का समायोजन नहीं किया गया था तथा उसके समायोजन से सम्बन्धित अभिलेख को भी अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया:—

| क्र0सं0 | अनुदान | वाउचर/ दिनांक/बिल संख्या | आपूर्तिकर्ता | सामग्री | मात्रा | दर (₹) | असमा—योजित राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा | निल/28.06. 23/099/ 09902 | मै0 हि0 प्र0 राज्य नागरिक आपूर्ति कॉरपोरेशन टासीचौंक | सीमेंट बैग | 40 | 384. 05 | 15362 |

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक:राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/173 दिनांक:—20.03.2025 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या:— महाकाल 18/2025 दिनांक:— 22.03. 2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि हि0प्र0 सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन टासीचौंक बैजनाथ को किये गये अग्रिम भुगतान के समायोजन से सम्बन्धित अभिलेख को तैयार करने उपरांत लेखा परीक्षा को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः मै0 हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति कॉरपॅरिशन को की गई अग्रिम भुगतान राशि का समायोजन करना सुनिश्चित करके तथा नियमानुसार अग्रिम समायोजन रजिस्टर को भी तैयार करना सुनिश्चित किया जाये व कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

### 11.3 निर्माण कार्य के लिये सामग्री खरीदने हेतु ₹0.02/– लाख का अधिक भुगतान करनाः–

नि0 रास्ता व ड्रेन कुट बोडू से मुख्य रास्ता वार्ड 5 की रिकार्ड प्रविष्टियों का अवलोकन करने पर पाया गया निम्न तालिका के अनुसार माप पुस्तिका संख्या 10494 के पृष्ठ संख्या 79 व 80 में निर्माण सामग्री, सीमेंट का माप पुस्तिका में निष्पादन कम किया दर्शाया गया था जबकि इस कार्य के लिये बिल संख्या 322483 दिनांक निल के अनुसार निर्माण सामग्री सीमेंट 90 बैग का क्रय किया गया था। परिणामस्वरूप मूल्यांकन की अपेक्षा सामग्री की अधिक खपत दर्शाने/जारी करने के कारण ₹2020/– का अधिक भुगतान किया गया थाः–

| **क्र0 सं0** | **अनुदान** | **सामग्री** | **क्रय की गई सामग्री की मात्रा** | **निर्माण कार्यो पर उपयोग हुई सामग्री की मात्रा** | **अंतर** | **दर (₹)** | **राशि (₹)** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 15वां वित | सीमेंट | 90बैग | 85बैग | 5बैग | 404.05 | 2020 |

**<u>वास्तविक खपत योग्य सामग्री का विवरण :–</u>**

**2.**Item-4 -P/L(1:3:6)=19.28m3X4.40(Cement. Factor) =84.83 **or say 85 Bags**

उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/180 दिनांकः–22.03.2025 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– महाकाल 18/2025 दिनांकः–22.03.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि उक्त राशि का अधिक भुगतान किया गया, जिसकी वसूली उचित स्त्रोत से करने उपरान्त सम्बन्धित अनुदान में जमा करवा दी जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा।

अतः अधिक व अनियमित भुगतान की गई राशि बारे नियमानुसार तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाये अन्यथा अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत इसकी व अन्य सामग्री तथा मजदूरी पर किये गए अधिक भुगतान की गणना कर, उसकी वसूली भी उचित स्त्रोत से करके

सम्बन्धित शीर्ष के खाते में जमा करवाना सुनिश्चित की जाये व कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 12. संयुक्त हस्ताक्षर के बिना ही ₹5.51/– लाख का अनियमित भुगतान करनाः–

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 49(1 तथा 2) के प्रावधानों के अनुसार पंचायत द्वारा कोई भी भुगतान तब तक नहीं किया जाएगा जब तक कि सम्बन्धित बिल/वाउचर पर पंचायत प्रधान व सचिव के संयुक्त हस्ताक्षरों से भुगतान आदेश नियमानुसार पारित न किया गया हो।

अंकेक्षण अवधि के चयनित मास 01/2023 व 06/2023 के व्यय वाउचरो के अंकेक्षण व संलग्न **"परिशिष्ट–6"** के अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा प्रधान व सचिव के संयुक्त हस्ताक्षर के बिना ही राशि ₹551372.43/– का भुगतान किया गया था, जोकि अनियमित व आपतिजनक है तथा उक्त नियम की स्पष्ट अवहेलना है।

